नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित,विदिशा

बैंक भवन, तिलक चौक, विदिशा (म0प्र0) 464001
फोन– 07592– 237500, 405982 nagrik_bank@nsbvidisha.org

स्थापना दिवस पर नागरिक बैंक ने किया पौधारोपण व क्यू आर कोड सेवा का उद्घाटन

नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित विदिशा द्वारा आज बैंक की स्थापना के 22 वर्ष पूर्ण होने पर प्रातः 7.30 बजे माधव उद्यान में पौधारोपण किया गया । इस अवसर पर बैंक के अध्यक्ष संचालक व स्टाफ मेंबर्स ने 15 पौधे रोपे । इनमे रातरानी गुलमोहर, गुडहल सहित अन्य पौधों का रोपण किया गया । उक्त अवसर पर बैंक के संस्थापक अध्यक्ष श्री महेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि बैंक ने आज अपनी स्थापना के 22 वर्ष पूर्ण कर लिये हैं। बैंक ने इस 22 वर्ष की यात्रा में उत्तरोत्तर प्रगति की है तथा विदिशा में श्रेष्ठ बैंकिग एवं ग्राहक सेवा के लिये ख्याति अर्जित की है। इस हेतु बैंक के संचालक गण सदस्य गण, सभी सहयोगी सस्थानों एवं बैंक का समस्त स्टॉफ बधाई का हकदार है जिनके सतत प्रयासों से बैंक ने यह स्थान हासिल किया है। हमारा प्रयास है कि हम आगे भी इस क्रम को जारी रखें एवं नागरिक बैंक को विदिशा की सर्व श्रेष्ठ बैंक बनायें । आज हमने माधव उद्यान में 15 पौधे रोपे हैं। आगे भी हम इस क्रम को जारी रखेंगे। इस अवसर पर बैंक द्वारा क्यू आर कोड सेवा भी प्रारंभ की गई। पहले ही दिन बैंक के 51 ग्राहकों को क्यू आर कोड दिये गये। इस अवसर योगाचार्य श्री गजेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि नागरिक बैंक ने विदिशा नगर में अपना एक महत्वपूर्ण स्थान बनाया है। आज अपनी स्थापना दिवस के अवसर पर यहाँ पौधारोपण कर यह सिद्ध किया है कि वह पर्यावरण के लिये एवं अपने सामाजिक दायित्वों के प्रति भी जागरूक है। आज जो पौधे रोपे गये हैं वह आने वाली पीढ़ी के लिये वरदान सिद्ध होंगे ।

इस अवसर पर नगर के प्रबुद्ध नागरिक श्री श्याम तिवारी, समीर शाह, विनोद लोधी (शिक्षक), अजीत भडारीजी, सोहन कुशवाह (भारती प्रेस), राहुल साहू, कमलेश मालवीय, हीरालाल रघुवंशीजी, नारायण प्रसाद कौशलजी, भजन गायिका श्रीमती सुनीता दुबे, बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेन्द्र जैन, प्रबंधक वैभव जैन, लेखापाल देवेन्द्र राव भोसले, कैशियर अभिषेक नामदेव, सहायक प्रबंधक प्रशांत करहीवाले, प्रिंस जैन, ओम प्रकाश शर्मा, विशाल यादव, गौरव विश्वकर्मा, राहुल कुशवाह, राजकुमार यादव आदि उपस्थित थे ।